प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 310 | रविवार 02 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## सीसीपीए ने दो आईएएस कोचिंग संस्थानों पर भ्रामक विज्ञापन देने के लिए लगाया जुर्माना

नई दिल्ली 01 नवम्बर (एजेंसी) । केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत भ्रामक विज्ञापन, अनुचित व्यापार व्यवहार और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के लिए दो कोचिंग संस्थानों आईएएस दीक्षांत और आईएएस अभिमनु पर आठ–आठ लाख रुपये का जुर्माना




लगाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई यूपीएससी के सफल अभ्यर्थियों की शिकायत के बाद की गई। शिकायत में यूपीएससी के सफल अभ्यर्थियों ने कहा था कि उनके नाम और फोटो का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया और उनके परिणामों का गलत तरीके से श्रेय लिया गया। दीक्षांत आईएएस के मामले में सीसीपीए को मिनी शुक्ला (एआईआर 96, यूपीएससी सीएसई 2021) से शिकायत मिली थी, जिन्होंने कहा कि संस्थान की प्रचार सामग्री में उनकी सहमति के बिना उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किया गया था। अभिमनु आईएएस के मामले में नताशा गोयल (एआईआर 175, यूपीएससी सीएसई 2022) ने शिकायत की थी कि संस्थान ने उन्हें अपनी छात्रा बताकर झूठा दावा किया और बिना अनुमति के उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किया।

# अमित शाह बोले, यह बिहार का भविष्य तय करने का चुनाव

## तो अखिलेश ने नीतीश को बताया चुनावी दूल्हा



पटना/गोपालगंज, 01 नवम्बर (एजेंसी) । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के भाई साधु यादव का जिक्र करते हुए राज्य के लोगों से कहा कि अगर राजद सत्ता में लौटा तो "जंगल राज" वापस आ जाएगा। शाह को गोपालगंज जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करना था, लेकिन खराब मौसम के कारण वह रैली स्थल पर नहीं पहुंच सके। इसके चलते उन्होंने रैली को डिजिटल रूप से संबोधित किया। उन्होंने कहा, "यह चुनाव यह तय करने का अवसर है कि बिहार का भविष्य किसे सौंपा जाए। एक तरफ वे लोग हैं जिन्होंने 'जंगल राज' की शुरुआत की थी। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी है, जिन्होंने विकास किया है।' शाह ने कहा, "गोपालगंज के लोगों ने 2002 के बाद से कभी भी राजद को वोट नहीं दिया। मुझे यकीन है कि वे इस रुझान को जारी रखेंगे... साधु यादव के कारनामों को गोपालगंज के लोगों से बेहतर कोई नहीं जानता।" गोपालगंज से विधायक और सांसद रह चुके साधु यादव अपनी बहन राबड़ी देवी के राज्य की मुख्यमंत्री रहते काफी प्रभावशाली माने जाते थे। उन पर लगे आरोपों में से एक आरोप 1999 में राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती की शादी के दौरान एक शोरूम से कारों को जबरन उठा ले जाने का भी था। इस घटना का जिक्र प्रधानमंत्री मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक रैली में किया था, हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था। उसी साल हुए शिल्पी गौतम हत्याकांड में भी यादव का नाम उछला था। हाल ही में यह प्रकरण तब सुर्खियों में आया जब जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इस मामले में तत्कालीन राजद नेता और अब भाजपा में शामिल तथा राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मिलीभगत का आरोप लगाया। गृह मंत्री ने मध्य बिहार के उन गांवों के नाम भी गिनाए जो राजद शासन के दौरान नरसंहार के लिए सुर्खियों में रहे थे। ये नरसंहार उस समय हुए थे जब राज्य के कई जिले गैरकानूनी नक्सली समूहों और उच्च जाति के जमीदारों के निजी समूहों के बीच खूनी संघर्ष की चपेट में थे। शाह ने सत्तारूढ़ राजग द्वारा एक दिन पहले जारी घोषणापत्र में किए गए वादों को भी दोहराया। उन्होंने कहा, "घोषणापत्र में दो प्रमुख बातें हैं – एक किसानों के लिए और एक महिलाओं के लिए, जिसे मैं दोहराना चाहता हूं। हाल ही में, नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी ने 1.41 करोड़ 'जीविका दीदियों' के खातों में 10,000 रुपये जमा किए हैं। वे सभी जीविका दीदियों को अलग–अलग तरीकों से दो लाख तक भेजेंगे। दूसरा, हम बिहार के 27 लाख किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये देते हैं। अब, हम इसमें 3,000 रुपये जोड़कर 9,000 रुपये देंगे।" शाह ने यह भी कहा कि राज्य की सभी चीनी मिल अगले पांच वर्षों में पुनः खोल दी जाएंगी।

## श्रीकाकुलम के काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़, 9 की मौत, कई घायल




श्रीकाकुलम01 नवम्बर (एजेंसी) । जिले के एक मंदिर में शनिवार को भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। काशीबुग्गा उपमंडल प्रभारी डीएसपी लक्ष्मण राव ने बताया कि भगदड़ पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे काशीबुग्गा शहर के वेंकटेश्वर मंदिर में हुई। श्रीकाकुलम के जिलाधिकारी स्वप्निल दिनकर पुंडकर ने कहा, "कुल 10 लोगों की मौत हुई है। इनमें से सात की मौत घटनास्थल पर और तीन की मौत इलाज के दौरान हुई।" उन्होंने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं शामिल हैं। गृह मंत्री वी. अनीता ने कहा कि इस घटना में कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कम से कम सात की उम्र 35–40 वर्ष के बीच है। गृह मंत्री के अनुसार, मंदिर पहली मंजिल पर ऊंचाई पर स्थित है और जब श्रद्धालु चढ़ रहे थे, तो रेलिंग टूट गई, जिससे एक कोने में खड़े लोग गिर गए और कुछ लोग उनके ऊपर गिर पड़े। यह उल्लेख करते हुए कि काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर एक निजी मंदिर है और धर्मस्व विभाग के अधीन नहीं है, अनीता ने कहा कि हर शनिवार को यहां 1,500 से 2,000 श्रद्धालुओं का आना आम बात है। उन्होंने कहा कि शनिवार को एकादशी और कार्तिक मास का अवसर होने के कारण मंदिर में भारी भीड़ उमड़ने से यह घटना हुई। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर में हुई भगदड़ से मुझे बहुत दुख हुआ है। यह बहुत दुखद है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।"

## भाजपा सांसद ने अमित शाह को लिखा पत्र, दिल्ली का नाम बदलकर 'इंद्रप्रस्थ' करने की मांग की



नई दिल्ली 01 नवम्बर (एजेंसी) भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली का नाम बदलकर 'इंद्रप्रस्थ' करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह नाम भारतीय सभ्यता की आत्मा, धर्म, नीति और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। सांसद का कहना है कि दिल्ली कोई साधारण आधुनिक शहर नहीं, बल्कि महाभारत काल में पांडवों द्वारा बसाई गई उस महान नगरी की जीवंत परंपरा है, जिसे इतिहास 'इंद्रप्रस्थ' के नाम से जानता है। सीएम सोरेन ने दिए कार्रवाई के निर्देश सांसद ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम 'इंद्रप्रस्थ जंक्शन' और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम 'इंद्रप्रस्थ एयरपोर्ट' किया जाए। साथ ही दिल्ली के किसी प्रमुख स्थान पर पांडवों की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएं, क्योंकि यही वह पावन भूमि है, जहां पांडवों ने अपनी राजधानी बनाई थी। इन प्रतिमाओं से नई पीढ़ी त्याग, साहस, न्याय और धर्मपरायणता जैसे मूल्यों से जुड़ेगी। खंडेलवाल ने अपने पत्र की प्रति दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को भी भेजी है। उनका कहना है कि महाभारत काल में पांडवों ने हस्तिनापुर से राजधानी स्थानांतरित कर यमुना तट पर 'इंद्रप्रस्थ' बसाई थी। वह नगरी अपने समय की सबसे समृद्ध, सुंदर और सुसंगठित नगरी थी। यहीं से धर्म और नीति पर आधारित शासन की नींव पड़ी। सांसद ने अपने पत्र में कहा कि इतिहास गवाह है कि मौर्य और गुप्त काल में यह क्षेत्र व्यापार और संस्कृति का केंद्र रहा। राजपूत काल में तोमर राजाओं ने इसे 'ढिल्लिका' कहा, जिससे धीरे–धीरे 'दिल्ली' नाम बना। सल्तनत काल में कुतुबुद्दीन ऐबक से लेकर मुगल काल में शाहजहां तक ने कई शहर बसाए जैसे सिरी, तुगलकाबाद, फिरोजशाह कोटला और शाहजहानाबाद, लेकिन मूल केंद्र इंद्रप्रस्थ ही रहा। ब्रिटिश काल में 1911 में लुटियन्स दिल्ली को नई राजधानी बनाया गया, पर उसका भूगोल आज भी वही है जहां कभी पांडवों की राजधानी थी। सांसद ने कहा कि जब प्रयागराज, अयोध्या, उज्जैन और वाराणसी जैसे शहर अपनी प्राचीन पहचान लौटा रहे हैं तो दिल्ली को भी 'इंद्रप्रस्थ' नाम का सम्मान मिलना चाहिए। यह बदलाव सिर्फ ऐतिहासिक न्याय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में बड़ा कदम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांस्कृतिक नवजागरण के विजन से यह पूरी तरह मेल खाता है। नाम बदलने से सांस्कृतिक आत्मगौरव बढ़ेगा। 'इंद्रप्रस्थ' नाम भारत की सभ्यता और ध ार्मनिष्ठ शासन की भावना को जीवंत करेगा। आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश मिलेगा कि राजधानी सिर्फ सत्ता का केंद्र नहीं, बल्कि धर्म, नीति और राष्ट्रधर्म का प्रतीक भी है। उनका कहना है कि वैश्विक स्तर पर 'इंद्रप्रस्थ एयरपोर्ट' और 'इंद्रप्रस्थ जंक्शन' जैसे नाम भारत की प्राचीन विरासत को दुनिया के सामने लाएंगे। इससे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे व्यापार, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## राहुल-खरगे समेत अन्य नेताओं ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत अन्य राज्यों के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली 01 नवम्बर (एजेंसी) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत अन्य नेताओं ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत अन्य राज्यों के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा कि आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, पुडुचेरी, तमिलनाडु और लक्षद्वीप के लोगों को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि ये सभी क्षेत्र हमारे सुंदर राष्ट्र के जीवंत ताने–बाने में अपना अनूठा रंग, भाषा और परंपरा जोड़ते हैं। ये सभी मिलकर भारत की सच्ची भावना–विविधता में एकता और सद्भाव के माध्यम से प्रगति का प्रतिनिधित्व करते हैं। आइए हम समानता, न्याय और प्रेम उन मूल्यों के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए इस दिन का जश्न मनाएं जो हमारे देश को एक सूत्र में पिरोए रखते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़ चंडीगढ़ दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पंजाब, पुडुचेरी और तमिलनाडु के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारत की असली ताकत इसकी उल्लेखनीय विविधता में निहित है। ईश्वर करे कि ये सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शांति, समृद्धि और असीम विकास के साथ फलते–फूलते रहें। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर मैं सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! हमारे इस गौरवशाली राज्य ने अपने सांस्कृतिक वैभव, अद्भुत परंपराओं और प्रगति की राह में अनेक मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

## मीसा भारती ने सीएम योगी पर साधा निशाना, कहा-बुलडोजर चलाने वाले नेताओं की बिहार में नहीं होनी चाहिए एंट्री राष्ट्रीय जनता दल



हाजीपुरनई दिल्ली 01 नवम्बर (एजेंसी) राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता मीसा भारती ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दावा करते हुए कहा कि बिहार में अगली सरकार महागठबंधन बनाने जा रही है और इसके मुखिया तेजस्वी यादव होंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान राजद नेता मीसा भारती ने कहा कि बिहार में अगली सरकार युवाओं की बनने जा रही है, जिसका नेतृत्व तेजस्वी यादव करेंगे। बिहार में बदलाव तय है और महागठबंधन सरकार बना रही है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में इस बात का दावा करते हुए कहा कि बिहार के इतिहास में पहली बार एक मल्लाह के बेटे मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री बनने का अवसर मिलेगा। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। जब इस बारे में मीडिया ने मीसा भारती से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि क्या बिहार में भाजपा के पास नेताओं का अकाल पड़ गया है जो दूसरे राज्यों से भाजपा के नेताओं और मुख्यमंत्रियों को बुलाना पड़ रहा है? उन्होंने योगी आदित्यनाथ को निशाने पर लेते हुए कहा कि बिहार को बुलडोजर नहीं चाहिए। योगी आदित्यनाथ की बिहार में कोई भूमिका नहीं है। उन्हें उत्तर प्रदेश जाकर अपना बुलडोजर चलाना चाहिए। बुलडोजर चलाने वाले नेताओं को बिहार में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के संकल्प पत्र को लेकर राजद नेता मीसा भारती ने कहा कि 20 साल बाद उन्हें याद आया है कि बिहार में केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए। इतने बच्चों का भविष्य बर्बाद करने के बाद, बिहार की जनता इस बार भाजपा और एनडीए नेताओं को माफ नहीं करने वाली है। मीसा भारती ने कहा कि बिहार की जनता अब एनडीए के झूठे बहकावे में नहीं आने वाली है।

## पीएम मोदी का बड़ा दावा: भारत में माओवाद का खात्मा करीब, नक्सलवाद 3 जिलों तक सिमटा

***प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंकवाद की समाप्ति के करीब होने पर संतोष व्यक्तकिया, यह बताते हुए कि प्रभावित जिलों की संख्या 125 से घटकर मात्र तीन रह गई है। सरकार 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सुरक्षा अभियानों, बुनियादी ढांचे के विकास और पुनर्वास प्रयासों की बहुआयामी रणनीति अपना रही है, जो दशकों के नक्सली हिंसा के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।***



नई दिल्ली 01 नवम्बर (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ धीरे–धीरे ष्माओवादी आतंकवादष् की गिरफ्त से मुक्त हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य और देश अब इस खघ्तरे से पूरी तरह मुक्ति पाने के करीब हैं। राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने नक्सली हिंसा की छाया में पीड़ित लोगों के दशकों लंबे दर्दनाक संघर्ष को याद किया।मोदी ने भारत में माओवाद के पतन के बारे में आशा व्यक्त की और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत माओवादी आतंक से मुक्त होगा। उन्होंने इस आंदोलन का मुकाबला करने में मिली हालिया सफलता और देश में केवल तीन जिलों के वामपंथी उग्रवाद की गिरफ्त में रहने पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन लोगों की कड़ी आलोचना की जो ष्संविधान की रक्षा का ढोंग करते हैं और सामाजिक न्याय के नाम पर घड़ियाली आँसू बहाते हैंष्और उन पर ष्अपने राजनीतिक फायदे के लिए दशकों तक अन्याय करनेष् का आरोप लगाया। माओवादी उग्रवाद के कारण जनजातीय क्षेत्रों की उपेक्षा पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गांव सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों से वंचित हैं और सत्ता में बैठे लोग ष्लोगों को उनके भाग्य पर छोड़कर जीवन के सुखों का आनंद ले रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद उनकी सरकार ने देश से माओवादी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा, ष्यारह साल पहले, 125 से ज्यादा जिले माओवादी आतंकवाद से प्रभावित थेय आज, केवल तीन जिले ही बचे हैं जहाँ इसके निशान बचे हैं। वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ और पूरा देश माओवादी आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।ष् इससे पहले अक्टूबर 2025 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित (स्म्) जिलों की संख्या इस साल की शुरुआत में 18 से घटकर अब 11 हो गई है। सरकार द्वारा सबसे ज्यादा प्रभावित तीन जिले छत्तीसगढ़ में हैंरू बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर।

## सीएम योगी बोले, संस्कृत-तमिल आत्मा

## एकात्मता के प्रतीक हैं काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम

**सीएम योगी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं। उन्होने कहा कि वणक्कम काशी, संस्×त और तमिल भारत की आत्मा है। वहीं काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम उत्तर-दक्षिण भारत की एकात्मता के प्रतीक हैं।**



वाराणसी 01 नवम्बर (एजेंसी) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में सबसे अच्छा इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन भारत है। भारत में भी यूपी निवेश का सबसे उत्तम गंतव्य है। काशी और तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं। भारत में संस्कृत भाषा और तमिल साहित्य सबसे प्राचीनतम साहित्य हैं। समस्त भारतीय भाषाएं और उनके साहित्य सभी को अपने में समाहित करते हैं। समावेशी सांस्कृतिक प्रेरणा का ये स्रोत समाज में सद्भाव और समरसता बनाए हुए हैं। काशी में गंगा से तमिलनाडु की कावेरी नदी तक हमारी साझी परंपरा की याद दिलाती हैं। बताती हैं कि भाषाएं भले ही अलग हों, भारत की आत्मा एक ही है जो शाश्वत समावेशी और अटूट है।मुख्यमंत्री शुक्रवार की देर शाम काशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम में निर्मित धर्मशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पहले बाबतपुर एयरपोर्ट पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया, फिर धर्मशाला के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने संबोधन की शुरुआत वणक्कम काशी से की और कहा कि इस धर्मशाला की आधारशिला वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रखी थी। आज इसके उद्घाटन समारोह में उपराष्ट्रपति, तमिलनाडु और दुनियाभर से अतिथि, निवेशक आए हैं। जिस धर्मशाला का उद्घाटन हुआ, वहां 200 साल पहले श्रीकाशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम मैनेजमेंट सोसाइटी ने भगवान विश्वनाथ की पूजा शुरू कराई थी। बाद में कुछ लोगों ने कब्जा करने का प्रयास किया था। इसकी जानकारी मिलते ही कब्जा हटवाया गया। अब धर्मशाला बन गई है।काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेगी धर्मशाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए सुखद संयोग है कि यूपी की इस यात्रा में उपराष्ट्रपति सीपी राध ाकृष्णन बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में पधारे हैं। धर्मशाला का उद्घाटन उपराष्ट्रपति ने किया। धर्मशाला श्रद्धालुओं को रहने की सुविध ा उपलब्ध कराएगी। साथ ही काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करेगी। आदिकाल से चली आ रही इस शाश्वत परंपरा को आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री गति प्रदान कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश की गौरवशाली आस्था के प्रति सम्मान के पुनर्स्थापना का कार्य आगे बढ़ रहा है। तमिलनाडु की तेनकाशी में भगवान विश्वनाथ का प्राचीन मंदिर है। तेनकाशी का अर्थ है दक्षिण की काशी। पांड्य देश के सम्राट श्रीहरि केशरी परिकराम पांडयन ने काशी से ज्योतिर्लिंग लाकर तेनकाशी में स्थापना की।

# सम्पादकीय

## बिहार में गरजते योगी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए अब सिर्फ तीन दिन ही बचें हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि बिहार विधानसभा के चुनाव दो चरण में होंगे। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान ग्यारह नवंबर को होगा। और मतगणना चौदह नवंबर को होगी। बिहार में पहले चरण के मतदान को लेकर दोनों गठबंधनों एनडीए और महागठबंधन की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान एक दूसरे पर तीखे वार और पलटवार किए जा रहे हैं। और देखने वाली बात यह है कि पहले चरण के मतदान से पहले हो रहे चुनाव प्रचार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की न सिर्फ बल्कि उनके बुलडोजर की गूंज देखने को मिल रही है। जहां तक योगी आदित्यनाथ का सवाल है तो वे अपने ही अंदाज में राहुल गांधी सहित महागठबंधन के नेताओं पर तीखे वार कर रहे हैं। विदित हो कि राहुल गांधी प्रचार में आए तो एनडीए के जीत की गारंटी समझिए। लालगंज में गरजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। पहले चरण में होने चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैशाली के लालगंज में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। भारी बारिश और जलजमाव के बीच लालगंज बुलडोजर बाबा के नारे से गूंज उठा और बाबा भी लोगों का उत्साह देख कर खूब गरजे। इसके अलावा योगी ने कहा कि यह नया भारत है जो झुकता भी नहीं है और अब कोई आंख दिखाता है तो उसकी आंख निकालने का काम किया जाता है। राजद कांग्रेस पर हमलावर योगी ने कहा कि एक ने राम रथ को रोका तो दूसरे ने राम भक्तों पर गोली चलवाई थी ये इंडिया गठबंधन के लोग आए हैं ताकि माफिया राज लाएं। गरीबों को मिलने वाले राशन पर डकैती डालेंगे, बेटी और बहन की सुरक्षा पर सेंध लगाएंगे, व्यापारियों को लूटेंगे लेकिन एनडीए और भाजपा यह नहीं होने देगी। क्योंकि अपने उत्तर प्रदेश में देखा होगा कि किस तरह माफिया का ईलाज होता है और बाबा का जब बुलडोजर चलता है तो माफिया के कचमुर को निकाल कर सड़क बनाया जाता है। तो वहीं दूसरी ओर बिहार चुनावी मैदान में सियासत का सबसे तीखा हमला देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहाबुद्दीन के गढ़ रघुनाथपुर (सीट संख्या 108) में एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में रैली की। रैली स्थल पर पहुंचते ही योगी का स्वागत किसी फूलमाला से नहीं, बल्कि बुलडोजरश से हुआ, जो अब योगी की पहचान बन चुका है। मंच पर आते ही उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार किया। योगी ने कहा, मुझे हैरानी है कि आरजेडी ने जिसे मैदान में उतारा है, वो देश–दुनिया में अपने आपराधिक कामों के लिए जाना जाता है। नाम भी देखिए ओसामा शहाब! अब जैसा नाम, वैसा काम। योगी ने रघुनाथपुर की जनता को याद दिलाया कि यही वह जगह है जहां चांद बाबू के बेटे पर एसिड अटैक हुआ था। उन्होंने चेताया कि जनता फिर से अपराधियों को मौका न दे। योगी ने कहा, जनता ध्यान रखे कि अपराधियों को फिर राजनीति में जगह न मिले। रघुनाथपुर सीट का नंबर 108 है, यह सनातन का शुभ अंक है। ऐसे शुभ अंक पर जीत सिर्फ एनडीए की होनी चाहिए, किसी अशुभ को नहीं। योगी ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार अपराध पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, और जो बच जाता है उसे यूपी का बुलडोजर खत्म कर देता है। सभा में योगी ने विपक्ष पर एक के बाद एक वार किए. कांग्रेस, आरजेडी और एसपी पर निशाना साधते हुए बोले, ये वही लोग हैं जो बाबर और औरंगजेब की मजारों पर जाकर सजदा करते हैं। जो राम मंदिर का विरोध करते हैं वो जनता के हित का क्या करेंगे? योगी ने याद दिलाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर रथयात्रा को रोकने का पाप किया था, और आज भी आरजेडी उस मंदिर का विरोध कर रही है, जो करोड़ें भारतीयों की आस्था का प्रतीक है। इसके बाद उन्होंने लालू–तेजस्वी की जोड़ी पर तंज कसा. उन्होंने कहा, श्जो पशुओं का चारा खा जाए, वो सब कुछ डकार जाएगा। ऐसे लोग विकास नहीं, घोटाला करेंगे। लालटेन का जमाना चला गया, अब बिहार को रोशनी चाहिए, अंधकार नहीं। रैली के अंत में योगी ने कहा कि अब बिहार में लालटेन और जंगलराज नहीं, विकास की रोशनी जलेगी। जनता एनडीए के साथ रहेगी, ताकि बुलडोजर माफिया की छाती पर चलता रहे और बिहार अपराध से मुक्त हो सके।



नफीस जाफरी

## गरीब की दीपावली आत्मनिर्भरता एवं गरीब कल्याण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 3–4 माह पूर्व से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता को अपनाने का आग्रह देशवासियों से कर रहे हैं । वैसे तो 2014 में उनकी सरकार बनने के बाद उन्होंने मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड जैसे संकल्पों के आधार पर भारत को विदेशी निर्भरता कम करने एवं आत्मनिर्भरता अपनाने का मंत्र दिया था । इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कोरोना काल में वोकल फॉर लोकल का उद्घोष भी उन्होंने किया । विश्व में अस्थिर होती अर्थव्यवस्थाओं का परिणाम भारत पर भी पड़ेगा, इस दूरदृष्टि के आधार पर उन्होंने स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता को अपनाने का संकल्प पुनरू देशवासियों के सम्मुख दोहराया । 15 अगस्त के अपने भाषण मन की बात तथा अलग–अलग स्थानों पर होने वाले अपने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अलग–अलग प्रकार से स्वदेशी का आह्वान किया ।

देश भर में 2–3 माह का यह समय उत्सवों का कालखंड रहता है । गणेश उत्सव, विजयदशमी, दीपावली, छठ पूजा एवं उससे जुड़े अनेक धार्मिक उत्सव, कुछ प्रदेशों में उनके अपने नव वर्ष का प्रारंभ, मुस्लिम समाज में मनाया जाने वाला ईद जैसे त्यौहार समाज में उत्साह एवं उमंग का संचार करते हैं । घरों में प्रकाश, परस्पर शुभकामनाओं के लिए भेंट, मिष्ठान वितरण, नए वस्त्रों का पहनना एवं एक दूसरे को उपहार देना समाज का स्वाभाविक चलन है । इस कालावधि में 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी जी की जयंती खादी दिवस के रूप में भी मनायी जाती है । समाज की यह परंपरा एवं उत्साह स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता का आधार बने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आह्वान किया कि नया समान स्वदेशी ही खरीदेंगे, घर सजाएंगे स्वदेशी से, जिंदगी बढ़ाएंगे स्वदेशी से। एक दूसरे स्थान पर उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव में स्वदेशी उत्पाद, उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बने सामान से हो । श्रम एवं श्रमिक वर्ग को महत्त्व प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि पैसा किसी का सामान हमारा, जो प्रोडक्शन होगा उससे महक मेरे देश की मिट्टी की होगी, मेरे भारत माँ की होगी ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान केवल भावनात्मक नहीं, इसके पीछे समाज के आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े समाज के आर्थिक सशक्तिकरण का ही था । प्राचीन भारतीय समाज एक स्वावलंबी इकाई के स्वरूप में कार्य करता था एवं प्रत्येक वर्ग का कार्य भी परंपरा के रूप में निर्धारित था । महात्मा गाँधी जी ने हिंद स्वराज पुस्तक में इसका उल्लेख भी किया है ।


गुलफिशा खान

सब समय के बात है। एक समय था कि चुनावों में राजनीतिक दल खबरों के लिए अपने कार्यकर्ताओं पर भरोसा करते थे। और आज स्थिति यह है कि चुनावी खबरों के लिए यही राजनीतिक दल और उसके प्रमुख नेता सोशल मीडिया पर अपना भरोसा जता रहे। यहां बात हो रही है बिहार विधानसभा चुनाव की तो चुनावी जंग का मैदान रथी और महारथियों से सजा है। अस्त्र–शस्त्र से लैस योद्धा घात–प्रतिघात में जुटे हैं तैयारी इतनी मुक्कमल कि कोई वार खाली नही जाए। लेकिन, यह लड़ाई चुनाव क्षेत्र से अधिक सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर लड़ी जा रही है। आज अस्त्र–शस्त्र की जगह यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर चुनावी जंग के मैदान का आधुनिक हथियार साबित हो रहा है। बदले हुए चुनावी परिदृश्य में पार्टी कार्यकर्ता हाशिये पर हैं और पार्टी संगठन बेमानी साबित हो रहे हैं। वजह साफ है कि चुनावी अखाड़े में मौजूद नेताजी को कार्यकर्ताओं से अधिक सोशल मीडिया पर एतवार है। नेताजी की पैनी नजर व्यूज, लाइक और हिट पर होती है, और उसी के माध्यम से अपने ग्राफ का आकलन करते हैं। लेकिन, स्याह सच यही है कि सोशल मीडिया वर्चुअल दुनिया है और यहां सब कुछ आभासी है, सच से दूर. सोशल मीडिया के जंग में एक न्याय अध्याय यूट्यूबरों ने जोड़ने का काम किया है, जिसका सहारा लेकर प्रत्याशी शह और मात का खेल, खेल रहे हैं। प्रत्याशी चाहे जितना आभासी दुनिया का सहारा ले लें अंतिम फैसला जनता की अदालत में ही होना है और यही लोकतंत्र है।

## सीएम फ़ेस को लेकर अमित शाह का महागठबंधन पर पलटवार



बहरहाल, अब बात बिहार विधानसभा चुनाव की तो बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है जबकि एनडीए ने अभी तक कोई नाम तय नहीं किया है। चिराग पासवान ने कहा कि, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे, चुनाव का नेतृत्व वो कर रहे हैं। उन्होंने महागठबंधन पर डरा–धमका कर नाम घोषित कराने का आरोप लगाया और मुकेश सहनी पर भी कटाक्ष किया। वहीं, सीएम फेस को लेकर अमित शाह ने महागठबंधन को जवाब दिया है। उन्होंने कहा, लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं सोनिया जी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। मैं आज इन दोनों को बताना चाहता हूं न तो बिहार में सीएम का पद खाली है ना ही दिल्ली में पीएम का पद खाली है, बिहार में नीतीश कुमार जी सीएम हैं दिल्ली में नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री पद पर हैं। 2025 के चुनाव में एनडीए की सबसे बड़ी जीत होने वाली है।

पीएफआई पर अमित शाह ने कहा, कांग्रेस की सरकारों के समय में यहां पीएफआई बना, कोई बैन नहीं लगाता था। मोदी जी ने एक ही रात में पीएफआई पर बैन लगाकर, 100 से अधिक स्थानों पर रेड करके पीएफआई की पूरी जमात को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मैं आज वादा करके जाता हूं कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद है तब तक एक भी पीएफआई वालों को जेल के बाहर आने नहीं देंगे। एनडीए सरकार के कामों पर अमित शाह ने कहा, एक करोड़ से अधिक जीविका दीदी के बैंक अकाउंट में 10 हजार रुपए जमा करने का काम एनडीए सरकार ने किया है। हर घर की 125 यूनिट तक बिजली बिल माफ कर दी। विधवा पेंशन 400 रुपए से 1,100 रुपए किया। इसी तरह बहुत सारे काम नीतीश सरकार ने बिहार के विकास के लिए किए हैं मोदी जी के नेतृत्व में देश के गरीबों के लिए 5 लाख रुपए तक के मुक्त इलाज की व्यवस्था की गई। हर गरीब को घर देने का काम मोदी जी ने किया है। इसी तरह किसानों को सालाना 6 हजार रुपए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दिया जाता है। अमित शाह ने कहा, एनडीए बिहार को मोदी जी का साथ मिला है, मुख्यमंत्री नीतीश जी का नेतृत्व मिला है, चिराग पासवान का युवा जोश भी हमारे साथ है, जीतन राम मांझी की पूरे जीवन की तपस्या हमारे साथ है और उपेंद्र कुशवाहा जी का अनुभव भी हमारे साथ है।

## महागठबंधन के लिए तो मुद्दा "नीतीश कुमार" ही हैं


फरीद वारसी

उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हाशिए पर खड़ी बहन मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाजपार्टी बिहार का विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ रही है। लेकिन वहीं इसके विपरीति उत्तर प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव से भले ही दूर हो लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी गठबंधन की मर्यादा का पालन करते हुए बिहार में महागठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार जरूर कर रही है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में हर गुजरते वक्त के साथ ही जुबानी जंग तेज हो रही है और एक–दूसरे पर लगातार आरोप–प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। विभिन्न पार्टियों के नेता अपने सहयोगियों को जीत दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता लगातार सवाल उठा रहे हैं। अब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार को लेकर एनडीए पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बना रहा था, लेकिन आज वो सिर्फ चेहरे के लिए मुख्यमंत्री हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में कहा, बिहार बदलाव मांग रहा है, बिहार बेहतर खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर जाना चाहता है। साथ ही कहा, भाजपा एक षड्यंत्र के



तहत, कहां सोचिए इंडिया गठबंधन नीतीश जी को प्रधानमंत्री बना रहा था और आज केवल चेहरे के लिए वो मुख्यमंत्री हैं। अखिलेश यादव ने कहा, मैं आज आपसे फिर कहता हूं बिहार की जागरूक जनता भी यह जानती है, जितने विपक्ष के लोग मंचों से कह रहे हैं कि नीतीश कुमार जी को केवल चुनाव के लिए आगे रख रहे हैं।

वहीं इससे पूर्व राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक दिन पहले ही कहा कि उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर "तरस" आता है, क्योंकि भाजपा उन्हें "डमी" की तरह इस्तेमाल कर रही है। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दो चरणों में मतदान होना है। बिहार में मतदाता 6 और 11 नवंबर को मतदान करेंगे। चुनाव परिणाम 14 नवंबर को आएगा. चुनाव नजदीक आने के साथ ही दोनों गठबंधनों का प्रचार अभियान तेज हो गया है।

जबकि इधर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि देश को आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जरूरत है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर फिर से रोक लगाए। अखिलेश यादव ने यह बात लखनऊ में सरदार पटेल की जयंती पर यह बात कही। इस अवसर पर अखिलेश ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पीडीए (पिछड़ेदलित और अल्पसंख्यक) समाज के लोगों को बीएलओ नहीं बना रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा, श्आज जरूरत है कि इस देश में कोई सरदार पटेल बने और आरएसएस जैसी विचारधारा पर फिर से रोक लगाए। उन्होंने कहा,सरदार पटेल का देश के लिए बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने रियासतों को खत्म करके देश को एकजुट किया, देश को मजबूत बनाया और किसानों के हित में खड़े रहे। हम उनके योगदान को कभी नहीं भूल सकते। भारतीय जनता पार्टी को याद रखना चाहिए कि उसकी मातृसंस्था पर भी सरदार पटेल ने प्रतिबंध लगाया था। आज फिर से किसी को सरदार पटेल की तरह बनकर इस विचारधारा पर रोक लगानी चाहिए। अखिलेश यादव ने आगे कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति ने हमारे प्रधानमंत्री को कातिल कहा है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि आखिर अमेरिका जैसा देश हमारे प्रधानमंत्री को ऐसा क्यों कह रहा है? उन्होंने कहा,हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं लेकिन वोट की गड़बड़ी नहीं होने देंगे। सोचिए, भाजपा के लोग कितने जातिवादी हैं वे पीडीए (पिछड़ेदलित और अल्पसंख्यक) समाज के लोगों को बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) नहीं बना रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जातिगत आंकड़े जुटाने के लिए भी एक कॉलम शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और प्रभावी नीति–निर्माण की दिशा में यह एक जरूरी कदम है।

## दुलारचंद की हत्या से उठे सवाल



fcहार ही नहीं, यह पूरे देश के लिए और भारत के उस लेकतंत्र के लिए भी, जिसकी पूरी दुनिया में तारीफ होती है। शर्म की बात है कि बिहार विधानसभा चुनाव मतदान से पहले ही रक्तरंजित हो गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि दुलारचंद यादव को राजनीतिक कारणों से मारा गया। मोकामा विधानसभा क्षेत्र की चर्चा पहले से हो रही थी क्योंकि यहां दो बाहुबली चुनाव लड़ रहे हैं। सत्ता पक्ष की तरफ से माफिया अनंत सिंह हैं तो मुख्य विपक्षी दल राजद की तरफ से सूरजभान सिंह मोर्चा संभाले हैं क्योंकि उनकी पत्नी वीणी देवी चुनाव लड़ रही हैं। दुलारचंद यादव इस क्षेत्र में प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी (जसुपा) के प्रत्याशी का प्रचार कर रहे थे। उनकी हत्या के बाद कई सवाल उठ रहे है। पहला तो यही कि रामदुलार यादव की हत्या किसने करायी? रामदुलार के परिजन सीधे–सीधे अनंत सिंह को जिम्मेदार बता रहे हैं और यह भी कह रहे हैं कि उनके परिवार के तीन लोगों की हत्या पहले ही अनंत सिंह ने करवाई है। उधर, अनंत सिंह इस आरोप को खारिज करते हैं। यह एक सामान्य बात है कि कोई भी आरोप तब तक नहीं स्वीकार करता, जब तक अदालत में यह साबित न हो जाए। दुलारचंद यादव को पहले गोली मारी गयी, फिर वाहन से कुचला गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टरों ने मृत्यु का कारण कार्डियो–पल्मोनरी फेल्योर विद ब्लंट इंजरी बताया है। इस प्रकार मामला उलझा है। दूसरा महत्वपूर्ण सवाल है कि मोकामा में क्या जनसुराज पार्टी का प्रभाव ज्यादा है? बिहार में प्रशांत किशोर की चुनाव में चर्चा हो रही है और जनसुराज पार्टी जीत–हार के समीकरण बदल सकती है। तीसरा सवाल यह है कि मोकामा क्षेत्र में बाहुबलियों की भरमार है तो नीतीश सरकार और चुनाव आयोग दोनों ने सुरक्षा में कोताही क्यों बरती? बिहार में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हों, इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग की हैं सिर्फ एसआईआर से चुनाव आयोग का कर्तव्य पूरा नहीं हो गया है।

बिहार के मोकामा में गत 30 अक्टूबर को चुनावों में हिंसा की पहली गंभीर घटना तब हुई जब जन सुराज उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी का काफिला, जिसमें दुलारचंद भी शामिल थे और अनंत सिंह के काफिले तारातर गांव के बसावन चक के पास आपस में टकरा गए। उसके बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई और तड़ातड़ गोलियां चलने लगीं। अफरा–तफरी के बीच, दुलारचंद को पहले गोली मारी गई, फिर एक वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इस घटना में लगभग एक दर्जन अन्य लोग घायल हो गए। चुनाव आयोग ने इस घटना पर बिहार के डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें से एक दुलारचंद के परिवार द्वारा अनंत सिंह के खिलाफ और वहीं दूसरी अनंत सिंह के समर्थकों द्वारा जन सुराज कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज की गई है।

मोकामा में इस बार मतदान पहले चरण में यानी 6 नवंबर को है लेकिन इससे पहले एक बार फिर से रक्त रंजित बिहार और बाहुबलियों की ताकत की गवाही दे रहा है। बिहार की हॉट सीट कहे जाने वाले मोकामा में अपराध, राजनीति और बाहुबलियों के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। मारे गए शख्स का नाम 75 वर्षीय दुलारचंद यादव था, जिनके संपर्क मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद प्रमुख लालू प्रसाद से तो थे ही, दूसरे काफिले में शामिल बाहुबली और जदयू के मोकामा उम्मीदवार अनंत सिंह से भी उनकी नजदीकी रही है। मोकामा में, जहां अपराध, राजनीति और जाति अक्सर एक–दूसरे से टकराते रहे हैं, यहां के लोगों के लिए कोई नई बात नहीं है। भूमिहारों के प्रभुत्व वाले मोकामा ने 1952 के बाद से शायद ही कभी कोई ऐसा विधायक चुना हो जो भूमिहार न हो। मोकामा को बिना किसी आपराधिक रिकॉर्ड वाला कोई भी प्रतिनिधि नहीं मिला जिसकी वजह से मोकामा को भूमिहारों की राजधानी का तमगा मिला। गैर–भूमिहार दुलारचंद की बात करें तो उनके खिलाफ भी आपराधिक मामलों की सूची साल 1991 से शुरू होती है, जब उनका नाम कांग्रेस कार्यकर्ता सीताराम सिंह की हत्या में समाने आया था। उनके सह–आरोपी अनंत सिंह के भाई दिलीप सिंह और नीतीश कुमार शामिल थे। माना जा रहा है कि दुलारचंद और अनंत सिंह के बीच तनाव की वजह रही दुलारचंद की प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के लिए उनके प्रचार और अनंत सिंह की आलोचना ने मामले को और बिगाड़ दिया। दुलारचंद तब चर्चा में आए जब 1990 के दशक में लालू ने मोकामा में यादव नेताओं को संरक्षण दिया ताकि भूमिहार वर्चस्व को चुनौती दी जा सके। बिहार में कई नेता उसी व्यवस्था में जड़ जमा चुके थे, लेकिन 2005 से अनंत सिंह ने मोकामा में नियंत्रण जमाया और भूमिहारों के स्वामित्व वाली पुरानी व्यवस्था फिर से स्थापित हो गई है। मोकामा से 2020 के चुनाव में, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की, अनंत सिंह ने अपने हलफनामे में 38 मामलों का जिक्र किया, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड में 1979 से अब तक 50 से ज़्यादा मामले उन पर दर्ज हैं।

मोकामा से अनंत सिंह जहां इस बार जदयू के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं इस बीच, एक और बाहुबली की पत्नी वीणा देवी ने राजद से टिकट मिलने पर मोकामा के चुनावी जंग में शंखनाद किया और अनंत सिंह के खिलाफ मैदान में कूद पड़ीं। सूरजभान सिंह, जो खुद भी भूमिहार हैं और अनंत सिंह की ही तरह बाहुबली भी हैं। अनंत सिंह और सूरजभान की राजनीतिक लड़ाई दशकों से मोकामा की राजनीति को परिभाषित करती रही है। सूरजभान ने पहली बार 2000 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजनीति में प्रवेश किया था, और अनंत सिंह क
बड़े भाई, जो उस समय राजद के मंत्री थे, को मोकामा से करारी शिकस्त दी थी। मोकामा में दिलीप सिंह को बड़े सरकार के नाम से जाना जाता है, तो अनंत सिंह को छोटे सरकार कहा जाता है।

अपराध से जुड़े इन मामलों के कारण सूरजभान के चुनाव लड़ने पर रोक लगी हुई है और इसी वजह से सूरजभान ने अपनी पत्नी वीणा देवी को अनंत सिंह के खिलाफ चुनाव मैदान में खड़ा किया है। जन सुराज ने राजनीति में इस अपराध से लड़ने के वादे के इर्द–गिर्द अपना अभियान तैयार किया है। इसके उम्मीदवार 30 वर्षीय प्रियदर्शी एक अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) हैं, जिन्होंने शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, और मोकामा को बिहार के स्थायी जंगल राज का एक उदाहरण बताया है। पुलिस ने दुलारचंद के पोते की शिकायत पर जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह, उनके भतीजों रणवीर सिंह और कर्मवीर सिंह समेत 5 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। करीब दस बजे दुलारचंद का शव पोस्टमॉर्टम के लिए बाढ़ अस्पताल ले जाया जा रहा था। तारताड़ से अस्पताल की दूरी करीब 25 किलोमीटर है। हजारों लोगों का काफिला साथ चला। बीच–बीच में शव को श्रद्धांजलि दी जा रही थी, लेकिन रास्ते में अनंत सिंह के समर्थक और दुलारचंद के समर्थक आमने–सामने भिड़ गए। ट्रैक्टर पर सवार होकर राजद उम्मीदवार वीणा देवी (बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी) भी शामिल हुईं। उनके समर्थकों ने अनंत सिंह के खिलाफ नारेबाजी शुरू की, जिससे भड़कते हुए अनंत सिंह समर्थकों ने पथराव कर दिया ।आरोप है कि अनंत सिंह के समर्थकों ने शव ले जा रही गाड़ी पर भी पत्थर फेंके। जवाब में दुलारचंद समर्थकों ने लाठी–डंडे चलाए।

अनंत सिंह ने हत्या में अपना और समर्थकों का हाथ होने से इनकार करते हुए सूरजभान सिंह पर आरोप लगाए हैं। दुलारचंद की हत्या पर प्रतिक्रिया देते हुए सूरजभान सिंह ने कहा कि जो हुआ, वह दुखद है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं। इस मर्डर की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं, चुनाव आयोग ने बिहार के डीजीपी से इस पूरे मामले पर रिपोर्ट तलब की है। ¼fgQh½

## दिल्ली कैसे हो प्रदूषण से मुक्त?



nश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रदूषण के शिकंजे में लगातार जकड़ती जा रही है। पूर्ववर्ती अरविन्द केजरीवाल की सरकार ने वाहनों को ऑड–ईवन संख्या में चलाने का प्रयोग किया था लेकिन वह पराली जलाने को सबसे बड़ा कारण बताते रहे। दिल्ली को धुंध से बचाने के लिए सरकार ने पानी का छिड़काव किया था। इसके बावजूद दिल्ली वासियों को राहत नहीं मिली। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदूषण को एक बड़ा मुद्दा बनाया था। संयोग से दिल्ली में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन गयी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रदूषण से निपटने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से दिल्ली में कृत्रिम बारिश का प्रयास भी किया लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पायी। प्रदूषण की बड़ी समस्या उद्योग और वाहन हैं। निर्माण कार्यों के चलते भी दिल्ली धुंध से ढक जाती है। इन सभी पर विचार करना होगा।

दीपावली के बाद से दिल्ली में एयर क्वालिटी बहुत खराब बनी हुई है ऐसे में सरकार ने परमाणु बारिश (कृत्रिम बारिश) का समाधान करने के लिए परमाणु ऊर्जा निगम की मदद ली थी, लेकिन इसका मकसद प्रदूषण को खत्म करना था। सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आई है, जबकि कानपुर के निदेशक मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि अभी हाल ही में दिल्ली में हुई क्लाउड सीडिंग प्रक्रिया पर ही करीब 60 लाख रुपये का खर्च आया।

दिल्ली सरकार ने 28 अक्टूबर को बढ़ते प्रदूषण स्तर से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा (आर्टिफिशियल रेन) कराने की दिशा में दो क्लाउड सीडिंग के परीक्षण किए. इसके तहत नमक आधारित और सिल्वर आयोडाइड फ्लेयर से लैस एक विमान का उपयोग किया गया. हालांकि, मंगलवार शाम तक कानपुर और मेरठ से उड़ान भरने वाले दोनों विमानों के प्रयास असफल रहे और कहीं भी बारिश नहीं हुई। आईआईटी कानपुर के निदेशक मनीन्द्र अग्रवाल के अनुसार दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के प्रयास "पूरी तरह सफल" नहीं रहे। दो उड़ानें भरी गईं– एक दोपहर में और दूसरी शाम के समय। इन उड़ानों के दौरान कुल 14 फ्लेयर दागे गए, लेकिन इसके बावजूद बारिश नहीं हुई ।लंबे समय से दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए विकल्प के बड़े दावे के रूप में प्रचारित किया गया है। दिल्ली में यह बहु–प्रचारित प्रयोग स्थगित करना पड़ा। प्रदूषण के समाधान के लिए बहुप्रचारित इस प्रयोग के असफल होने के तुरंत बाद आम आदमी पार्टी और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। इसमें दो राय नहीं कि वैज्ञानिक परीक्षण तार्किकता और अनुकूल परिवेश में ही सिरे चढ़ता है। इसी तरह क्लाउड सीडिंग के लिए जरूरी अनुकूल परिस्थितियों के न होने के तथ्य को गंभीरता से नहीं लिया गया। दरअसल, कृत्रिम बारिश केवल उन्ही परिस्थितियों में फलीभूत होती है जब वातावरण में पर्याप्त नमी हो, आसमान में घने बादल छाए हों तथा हवा का रुख स्थिर बना रहे। दुनिया के कई देशों, मसलन चीन, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात में कृत्रिम बारिश के प्रयोग इसलिए सफल हो सके क्योंकि उन्होंने इस प्रयोग को सिरे चढ़ाने के लिये सही समय को चुना था। दिल्ली के शासन–प्रशासन ने इस प्रयोग को अमली जामा पहनाने से पहले इस बात को नजरअंदाज किया कि दिल्ली का आसमान शुष्क है और वातावरण में नमी की कमी है। ऐसे में पर्याप्त आर्द्रता यानी बादलों के पर्याप्त घनत्व के बिना सिल्वर आयोडाइड की लपटें बारिश पैदा नहीं कर सकतीं। ऐसा नहीं हो सकता कि इस विकल्प को सिरे चढ़ाने वाले योजनाकारों को विज्ञान की यह सीमा ज्ञात नहीं थी।

## जिले में धूमधाम से मनाया गया एकादशी का पर्व



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में कार्तिक मास की एकादशी का पर्व आज पूरे उत्साह, श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में घंटा–घड़ियाल की गूंज, भजन–कीर्तन की मधुर धुन और घर–घर में पूजा–पाठ का दौर शुरू हो गया। शहर के प्रमुख बाजारों लाला बाजार, चौक चौराहा, बाकरगंज, पत्थरकटा चौराहा, पटेलनगर चौराहा, शादीपुर, वर्मा चौराहा समेत अन्य स्थान गन्ने की खुशबू और रौनक से सराबोर रहे। दूरदराज के गांवों से आए सैकड़ों किसान सुबह पांच बजे से ही चौराहों पर डेरा जमाकर गन्ना बेचने लगे और शाम ढलने तक उनकी बिक्री का सिलसिला जारी रहा।एकादशी पर गन्ना चढ़ाने और दान करने की परंपरा के चलते इसकी मांग आसमान छूती नजर आई। किसानों ने बताया कि इस बार मौसम अनुकूल रहा, जिससे गन्ने की फसल लहलहाई और गुणवत्ता भी बेहतर रही। महिलाओं और बच्चे हाथों में गन्ने लिए घर लौटते दिखे। धार्मिक महत्व के साथ–साथ इस पर्व ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल दिया। मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना हुई। कई परिवारों ने व्रत रखा और शाम को फलाहार के साथ गन्ने का प्रसाद बांटा।

## गणित ओलंपियाड में उत्कर्ष कंपोजिट विद्यालय घूरी बुजुर्ग ने मारी बाजी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कर्ष कंपोजिट विद्यालय घूरी बुजुर्ग, हसवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या श्रीमती आरती गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।प्रतियोगिता में जनपद के सभी ब्लॉकों से चयनित विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय स्थान काजल कंपोजिट विद्यालय बुधरैलपुर, धाता को तथा तृतीय स्थान अभय कुमार उ.प्रा. विद्यालय खुर्समाद, खजुहा को मिला। टीएलएम गणित प्रदर्शनी में ज्ञानेंद्र कुमार कं.वि. ढकौली, भिटौरा ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मूल्यांकनकर्ता के रूप में एआरपी आशीष प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र पटेल, अजय मिश्रा, ज्ञानेंद्र उमराव सहित प्रवक्ता संजीव सिंह, अतुल कुमार, भारती सिंह व अन्य उपस्थित रहे। उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्या ने प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## बेमौसम बारिश से किसान की फसलें हो गई नष्ट : रामदत्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के प्रदेश प्रभारी रामदत्त मिश्र ने कहा कि बेमौसम बारिश से प्रदेश का किसान बर्बाद हो गया है। धान की फसल तो नष्ट हो गई है। साथ ही रबी की मटर, चना, लाही, अगैती आलू व केला की फसलें खराब हो गई। जिससे प्रदेश के अधिकतर किसान प्रभावित हुए हैं।

इन परिस्थितियों को सरकार ध्यान में रखते हुए अविलंब सघन जांच हेतु आदेश जारी कर किसानों के नुकसान की जानकारी लें। मंडल, जिले स्तर पर कमेटी गठित कर सही तरीके से जॉच कराने हेतु प्रमुख सचिव से आयुक्तों जिलाधिकारियों को आदेशित कर स्थलीय रिपोर्ट के अनुसार किसानों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए जिससे किसान अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। साथ ही सभी तरह के कर्ज वसूली पर सरकार अगली फसल आने तक रोक लगाए। ताकि किसान तनाव के बीच कोई गलत कदम न उठाए। तमाम किसान अपनी बर्बाद हुई फसलों को देखकर दम तोड रहे हैं आत्महत्या कर लेते हैं। किसान का परिवार बिखर जाता है। सरकार से भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आग्रह करता है कि इन विषम परिस्थितियों में सरकार, जिला, प्रशासन तहसील प्रशासन किसानों के साथ खड़े होकर साथ दें। जिससे किसान मानसिक रूप से न टूटने पर मजबूर हो बेबस किसान आपका ही है।

## राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया लौह पुरुष का जन्मदिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप में मनाया। जिसमें कार्यालय में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप




में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू ने शिरकत की। उन्होंने लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के .तित्व पर प्रकाश डाला। संचालन लाला राम सहायक श्रमायुक्त ने किया। सरदार बल्लभ पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। उनके द्वारा उपस्थित निर्माण कामगारों एवं सेवायोजकों को विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में एवं बाल श्रम अधिनियम की जानकारी दी गई। श्री साहू ने बताया कि बालश्रम एक अभिशाप हैं और हम सबकी जिम्मेदारी हैं कि समाज में व्याप्त इस कलंक को खत्म कराएं। आज के नौनिहाल ही कल का भविष्य हैं इनके शारीरिक, मानसिक विकास ही देश के विकास की नीव रखता हैं जो लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा देखे गये सपने एक सशक्त भारत के रूप में स्थापित करता हैं। इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अभिनव पाण्डेय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हरि नारायण शुक्ला निरीक्षक थाना एएचटी एवं राजेश कुमार तिवारी, एडवोकेट व आमंत्रित निर्माण श्रमिक तथा सेवायोजक उपस्थित रहें।

## बेटी का जन्म होते ही ससुरालीजनों ने घर से निकाला

न्यूज वाणी ब्यूरो



खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के खासमऊ गांव की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर बेटी पैदा होने के बाद प्रताड़ित करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए पति सहित ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव की रीता देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी सुनील कुमार से हुई थी। उसके सास, ससुर और ननद कोमल उसे बेटी पैदा होने को लेकर ताने मारते और प्रताड़ित करते थे। पीड़िता के अनुसार, ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके साथ गाली–गलौज और मारपीट भी करते थे। रीता देवी ने बताया कि 21 जुलाई 2025 को ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। वह इस समय अपने मायके सखियांव गांव में रह रही है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों की मारपीट से उसके गर्भाशय में गंभीर चोट आई, जिससे अधिक रक्तस्राव हुआ और उसका गर्भ नष्ट हो गया। उसका इलाज पहले गंगा देवी हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर कानपुर में हुआ और अब उसके पिता सदर अस्पताल फतेहपुर में उसका उपचार करवा रहे हैं। महिला ने बताया कि उसने इस घटना की सूचना कोतवाली में दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने पुलिस अधीक्षक से पति सुनील कुमार, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश कोतवाली प्रभारी को दिए हैं।

## क्रय केंद्र प्रथम में शुरू हुई धान खरीद, किसानों में उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। धान क्रय केंद्र प्रथम में इस सीजन की धान खरीद शुरू हो गई है। शनिवार को एलाई गांव के किसान अवधेश सिंह और अभय सिंह ने करीब 100 क्विंटल धान बेचकर खरीद केंद्र पर प्रक्रिया की शुरुआत की। किसानों ने बताया कि मेहनत के कारण इस बार फसल की पैदावार अच्छी हुई है जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन मिला है।धान खरीद केंद्र प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार द्वारा इस बार समर्थन मूल्य कामन धान के लिए 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड–ए धान के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पंजीत किसानों से निर्धारित दरों पर धान की खरीद की जाएगी। इसके लिए किसानों को अपने दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर केंद्र पर धान लाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए केंद्र पर तौल, भुगतान और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान की गुणवत्ता जांच के बाद भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जाएगा। धान खरीद शुरू होने से किसानों में उत्साह का माहौल है। किसानों ने शासन–प्रशासन से धान तौल और भुगतान की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने की मांग की है ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## सदर तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

### - समस्याओं का समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये। लाभार्थीपरक जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले। कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 102 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। इस अवसर उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। शहर के खेलदार मोहल्ले में स्थित मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महिला मंडल द्वारा कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत गीता के यजमान विवेक शुक्ला पत्नी कल्पना शुक्ला व मयंक शुक्ला पत्नी शिवांगी शुक्ला द्वारा श्रीमद् भागवत कथा संपन्न कराई जा रही है। श्रीमद् भागवत कथा के भागवताचार्य विद्यासागर शुक्ला द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान भक्तों को कराया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर खेलदार मोहल्ला मंदिर से कई सैकड़ो महिलाओं और यजमान ने अपने सिर पर श्रीमद् भागवत कथा रखकर और महिलाओं ने अपने सर पर कलश रखकर कलश यात्रा जीटी रोड होते हुए अबू नगर मंदिर परिसर में होकर के वापस खेलदार मोहल्ला मंदिर परिसर कलश यात्रा ढोल ताशे के साथ निकाली गई। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस आज दोपहर 3 बजे से भागवताचार्य विद्यासागर शुक्ला के द्वारा सभी भक्तगणों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया जाएगा। इस मौके पर प्रदीप यादव, जीतू गुप्ता, गौरव त्रिपाठी, अवनीश गुप्ता, अंकुर गुप्ता, स्वतंत्र, मृदुल लंमगोड़ा, अजय सोनी, विवेक श्रीवास्तव, राधा यादव, नंदनी लंमगोड़ा, अभिलाष, मंजरी, उमलेश, लिली, पूर्णिमा, राजेष्वरी आदि लोग मौजूद रहे।

## एसवीएम में व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र संसद द्वारा अंतर विद्यालय व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। समापन समारोह में बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।प्रतियोगिता में चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, संदीपनी पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर बिंदकी के छात्र–छात्राओं ने पेंटिंग, रंगोली, आशु भाषण और बैडमिंटन जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य बलराम सिंह ने इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। पेंटिंग प्रतियोगिता के बाल वर्ग में श्रेजल, मानवी और समर्थ ने स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग में .ति उत्तम प्रथम, अंशिका पटेल द्वितीय और आन्या गुप्ता तृतीय रहीं। रंगोली के बाल वर्ग में आर्या प्रथम और दिव्यांशी द्वितीय रहीं। किशोर वर्ग में वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रज्विता और खुशी द्वितीय तथा प्रगुण तृतीय रहे। तरुण वर्ग में नैना एवं प्रिय प्रथम, शिखा अवनी द्वितीय और आशिमा तृतीय रहीं। आशु भाषण के किशोर वर्ग में अनंत प्रथम और तरुण वर्ग में प्रियंका सिंह प्रथम रहीं। बैडमिंटन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर के गणेश प्रथम और भोला द्वितीय रहे। सीनियर वर्ग में यशराज प्रथम और उत्सव बाजपेई द्वितीय स्थान पर रहे। छात्राओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता में उज्ज्वला ने प्रथम और अंशिका सोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को समापन समारोह में पुरस्.त किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक जयकुमार जैकी के साथ बजरंग दल के प्रांत संयोजक अजीत राज, गंगा समग्र के अजमेर संयोजक, भाजपा के जिला मंत्री आशीष तिवारी, युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, धर्मेंद्र सिंह, धर्म जागरण प्रमुख नर्मदा सागर शुक्ला और प्रधानाचार्य बलराम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यों छात्र संसद के प्रधानमंत्री तेजस सिंह, उप प्रधानमंत्री विवेक पांड्येय, अनुशासन प्रमुख राघवेंद्र, न्यायाधीश कार्तिकेय शुक्ला, व्यवस्था प्रमुख ओम दीक्षित और अन्य छात्र संसद पदाधिकारियों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा मिश्रा ने किया। अंत में पुरातन छात्र और पूर्व प्रधानमंत्री आदर्श सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बच्चों के लीडिंग ब्रांड फर्स्ट क्राय का हुआ शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। शहर के अभिभावकों और बच्चों की जरूरतों को एक ही स्थान पर पूरा करने के उद्देश्य से, बच्चों के सामान के देश के लीडिंग ब्रांड फर्स्ट क्राय ने अब फतेहपुर में भी दस्तक दे दी है। शनिवार को शहर के रामसनेही हास्पिटल के सामने जीटी रोड पर फर्स्ट क्राय के नए और भव्य शोरूम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिंदकी के पूर्व भाजपा विधायक करण सिंह पटेल रहे। उन्होंने पारंपरिक रूप से फीता काटकर शोरूम का आधिकारिक उद्घाटन किया और स्टोर का अवलोकन किया। उन्होंने इस नए उपक्रम के लिए संचालक को बधाई देते हुए कहा कि शहर में फर्स्ट क्राय जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ब्रांड का खुलना एक सकारात्मक कदम है। इससे स्थानीय लोगों को अपने बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए एक विष्वसनीय विकल्प मिलेगा।शोरूम के संचालक शिशिर पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्टोर की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फर्स्ट क्राय का लक्ष्य बच्चों के जन्म से लेकर उनकी बढ़ती उम्र तक की सभी जरूरतों और पेरेंटिंग से जुड़े समस्त आवश्यक सामान को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। हमारा सबसे अधिक ज़ोर बेहतरीन गुणवत्ता और सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सर्विस पर है। उन्होंने विष्वास दिलाया कि फर्स्ट क्राय गुणवत्ता और सेवा के मामले में अपने आप में सर्वश्रेष्ठ साबित होगा और फतेहपुर के अभिभावकों का भरोसा जीतेगा। इस शुभारंभ के अवसर पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति और व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से जंग बहादुर वर्मा, श्रीमती इंद्रावती वर्मा, ध्रुव नारायण रस्तोगी, अर्चना रस्तोगी, हरिओम रस्तोगी, जगदीश रस्तोगी, मोनू रस्तोगी आदि शामिल थे। सभी ने संचालक शिशिर पटेल को उनके नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अपनी रूचि अनुसार विषयों का चयन करें विद्यार्थी : डा. अनुराग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज लतीफपुर में कैरियर गाइडेंस मेला आयोजित किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने डॉ अनुराग को बैज अलंकृत कर डायरी व पेन भेंट किया। डॉ अनुराग ने बच्चों से कहा कि अपनी रुचि अनुसार विषय का चयन कर डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस परीक्षाएं उत्तीर्ण कर राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। साथ ही अपने कैरियर में सफलता प्राप्त करने के बाद अच्छा व अनुशासित व्यक्ति भी बनना है तत्पश्चात डॉ अनुराग ने डेंगू बचाव महाभियान पुनः चलाया। डॉ अनुराग ने विद्यालय के 200 बच्चों को डेंगू व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होम्योपैथिक औषधि का निःशुल्क वितरण किया। डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु समझाया क्योंकि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर हम बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। पीने के पानी को उबालकर पियें कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दे क्योंकि रुके हुए पानी में मच्छरों का जन्म होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संग्रामलाल, अध्यापक नीरज कुमार, ललित मोहन द्विवेदी सहित प्रमुख सहयोगी संयोजक होम्योपैथी केमिस्ट प्रकोष्ठ अभिनव श्रीवास्तव व चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आए भाई को बचाने पहुचे बड़े भाई की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम मखदूमपुर में शनिवार की सुबह खेत के चारो तरफ लगे तार में उतर रहे करंट की चपेट में 55 वर्षीय अधेड़ आ गया। जिसे बचाने के लिए बड़े भाई ने पकड़ा तो उसकी मौत हो गयी। जबकि छोटा भाई झुलस गया। वहीं तीसरे आमदी को करंट का झटका लगने से दूर जा गिरा। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार मखदूमपुर गांव निवासी स्व0 ओमदत्त 65 वर्ष पुत्र सुरेश अग्निहोत्री अपने छोटे भाई दुर्गेश के साथ अपने खेत जा रहा था। साथ में रिश्तेदार अरूण कुमार अग्निहोत्री भी था। बताया जा रहा है कि गांव में ही खेतो को जानवरों से बचने के लिए चारो ओर तार लगा था। जिसमें गांव के ही शिवशंकर यादव ने करंट की सप्लाई कर दिया था। तभी अचानक दुर्गेश करंट की चपेट में आ गया। चीख पुकार सुन बड़ा भाई सुरेश ने जैसे ही बचान के लिए अपने भाई को पकड़ा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि सुरेश बुरी तरह झुलस गया। वहीं साथ में गया अरूण कुमार अग्निहोत्री ने भी सुरेश को पकड़ा तो करंट का झटका लगने से वह दूर जा गिरा। आनन–फानन दोनो भाईयों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने दुर्गेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं झुलसे सुरेश का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## युवती ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीपुर में शनिवार की सुबह घरेलू कलह के चलते 21 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चंदीपुर गांव निवासी रामकरन की पत्नी संगीता देवी ने शनिवार की सुबह ग्रह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने युवती की हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

## सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा निवासी सुबराती का 32 वर्षीय पुत्र अकील बाईक से कानपुर जनपद के घाटमपुर गया था। वापस लौटते समय जब वह जहानाबाद व घटमपुर के पास पहुंचा तभी सड़क पार कर रहे कुत्ते से टकराकर बाईक गिर जाने से घायल हो गया। इसी तरह थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा गांव निवासी ब्रज लाल का 25 वर्षीय पुत्र शारदा प्रसाद सुबह बाइक से थरियांव जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया, वहीं हथगाम थाना क्षेत्र के प्रयागदासपुर गांव निवासी रघुराज का 18 वर्षीय पुत्र विपिन बाइक लेकर थाने के शाहपुर गया था। तभी गाड़ी खड़ी करते समय अचानक बैलेंस बिगड़ जाने से बाइक उसकी के ऊपर जा गिरी जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

## ट्रेन में सफर कर रहे यात्री की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ट्रेन में सफर कर रहे 46 वर्षीय मुसाफिर की अचानक ट्रेन में तबियत बिगड़ जाने से उसकी मौत हो गयी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना सरेनी गांव सगरा मजरे तेज गांव निवासी स्व0 गंगोली का पुत्र दिनेश कुमार ट्रेन में सफर कर रहा था। तभी उसकी तबियत बिगड़ गयी। ट्रेन में ही उसकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी मुसाफिरों ने ट्रेन में चल रहे टीटी को दी। जिस पर ट्रेन स्टेशन पर रूकने के बाद जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## भारतीय किसान संघ ने डीएम से मुलाकात कर मांगा मुआवजा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष भइयाराम मौर्य ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हाल की बेमौसम बरसात से जिले के कई इलाकों में धान, तिलहन और दलहन की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से फसलों का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने खाद की किल्लत को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए ताकि रबी सीजन की बुवाई प्रभावित न हो। किसान संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, सुनील लोधी, देवेन्द्र शुक्ला, अश्वनी तिवारी, युवा प्रमुख मुन्नालाल मौर्य सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )